# कार्यालय संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश
# जिला भोपाल–सीहोर–रायसेन, मध्य प्रदेश

कचनार ई–5 पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी, हबीबगंज पुलिस थाना के पास, भोपाल–462016
E-mail: bhopal@mptownplan.gov.in दूरभाष – 0755–2427092


क्रमांक / 1565 / नग्रानि / / जिका.भो. / 2020 भोपाल दिनांक :– 02.09.2020

## "भोपाल विकास योजना (प्रारूप) 2031 सुनवाई हेतु सूचना"

भोपाल विकास योजना (प्रारूप) 2031 पर मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 17(क) के अंतर्गत सुनवाई प्रारंभ की जा रही है। सुनवाई विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से की जावेगी।

सुनवाई की तिथिया निम्नानुसार है :–

**01. दिनांक 08 सितम्बर 2020**
**02. दिनांक 09 सितम्बर 2020**
**03. दिनांक 01 अक्टूबर 2020**
**04. दिनांक 03 अक्टूबर 2020**
**05. दिनांक 05 अक्टूबर 2020**

दिनांक 08.09.2020 एवं 09.09.2020 को होने वाली सुनवाई के सूचना पत्र जारी किये गये है। जिनकी सूची कार्यालय की वेबसाइट **mptownplan.gov.in** पर भी प्रकाशित की गई है। जिन आपत्तिकर्ताओ को पत्र नही मिले है, वह कार्यालय से प्रति प्राप्त कर सकते है। जिन आपत्तिकर्ताओ द्वारा दूरभाश क्रमांक दिये गये है, उनको तिथि की सूचना मैसेज के द्वारा भेजी जा रही है।

कार्यालयीन वेबसाईट पर दिनांक 08.09.2020 तथा 09.09.2020 को विडियो कान्फ्रेसिंग में सम्मिलित होने के लिये पूर्ण प्रक्रिया के साथ, आपत्तिकर्ताओ के समूह तथा तिथि व समय की सूची भी प्रदर्शित की गई है।

दिनांक 01.10.2020, 03.10.2020 व 05.10.2020 की सुनवाई हेतु सूचना पत्र दिनांक 16.09.2020 तक जारी किये जावेंगे, तथा सूची भी प्रदर्शित की जावेगी। यदि कोई आपत्तिकर्ता कार्यालय से सूचना पत्र प्राप्त करना चाहता हो तो वह कार्यालय से भी संपर्क कर सकते है।

ऐसे आपत्तिकर्ता जिनके पास विडियो कान्फ्रेसिंग की व्यवस्था नही है, वह वैकल्पिक व्यवस्था हेतु कार्यालय में दिनांक 05.09.2020 एवं 06.09.2020 को समय 10:30 से 5:30 के मध्य कार्यालय में संपर्क कर सकते है, ताकि तदनुसार वैकल्पिक व्यवस्था की जा सके। इस कार्य हेतु दिनांक 06.09.2020 दिन रविवार को भी कार्यालय खुला रहेगा।

**संपर्क अधिकारी :–1. श्री सुनील नाथ (उप संचालक) मो.नं.– 7509011841**
**2. श्री हरीओम महेश्वरी(सहायक संचा.) मो.नं.– 9002883305**

संयुक्त संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश
जिला भोपाल –सीहोर–रायसेन म.प्र.